# डाक विभाग

## कार्यालय चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, पंजाब सर्कल, चंडीगढ़

**अधिसूचना सं. रिक्ट/2-16/डीआर/2013 दि.: 13.11.2013**

# पोस्ट/रेलवे मेल सर्विस (आरएमएस) कार्यालयों में पोस्टमैन/मेलगार्ड की सीधी भर्ती

5200-20200+ग्रेड पे रु. 2000/- के वेतनमान में पंजाब सर्कल में निम्नलिखित डिवीजनों/यूनिटों में पोस्ट/रेलवे मेल सर्विस (आरएमएस) कार्यालयों में पोस्टमैन/मेलगार्ड में पद भरने के लिए इच्छुक एवं योग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | डिवीजन/यूनिट का नाम | वर्ग जन. | एससी | ओबीसी | पीएच* | कुल | कार्यालय का पता जहां आवेदन भेजे जाने हैं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | पोस्टमैन कैडर | | | | | | |
| 1. | चंडीगढ़ | 46 | 13 | 8 | 1 (ओएच) | 67 | सीनियर सुपरिंटेंडेंट डाकघर चंडीगढ़-160017 |
| 2. | लुधियाना (सी) | 11 | 8 | 2 | 0 | 21 | सी. सुपरिंटेंडेंट डाकघर लुधियाना शहर मंडल लुधियाना-141001 |
| 3. | लुधियाना (एम) | 11 | 1 | 0 | 1 (वीएच) | 12 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर लुधियाना मुफसिल मंडल लुधियाना-141001 |
| 4. | पटियाला | 13 | 6 | 1 | 1 (ओएच) | 20 | सी. सुपरिंटेंडेंट डाकघर पटियाला मंडल पटियाला-147001 |
| 5. | संगरूर | 4 | 1 | 0 | 1 (वीएच) | 5 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर, संगरूर, मंडल पटियाला-148001 |
| 6. | अमृतसर | 8 | 3 | 0 | 0 | 11 | सी. सुपरिंटेंडेंट डाकघर, अमृतसर मंडल अमृतसर-143001 |
| 7. | भटिंडा | 2 | 1 | 0 | 0 | 3 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर, भटिंडा मंडल भटिंडा-151001 |
| 8. | फरीदकोट | 3 | 2 | 1 | 0 | 6 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर, फरीदकोट मंडल फरीदकोट-151203 |
| 9. | फिरोजपुर | 3 | 1 | 0 | 0 | 4 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर, फिरोजपुर मंडल फिरोजपुर-152001 |
| 10. | गुरदासपुर | 7 | 1 | 0 | (ओएच) | 8 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर, गुरदासपुर मंडल गुरदासपुर-143521 |
| 11. | होशियारपुर | 6 | 1 | 1 | 1 (वीएच) | 8 | सी. सुपरिंटेंडेंट डाकघर, होशियारपुर मंडल होशियारपुर-146001 |
| 12. | जालंधर | 7 | 2 | 3 | 1 (ओएच) | 12 | सी. सुपरिंटेंडेंट डाकघर, जालंधर मंडल-144001 |
| 13. | कपूरथला | 3 | 1 | 3 | 0 | 7 | सुपरिंटेंडेंट डाकघर, कपूरथला मंडल कपूरथला-144601 |
| (बी) | मेल गार्ड कैडर | | | | | | |
| 14. | आरएमएस लुधियाना मंडल लुधियाना | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | सुपरिंटेंडेंट आरएमएस एलडी मंडल लुधियाना-141008 |
| 15. | आरएमएस आई मंडल जालंधर | 2 | 1 | 1 | 0 | 4 | सुपरिंटेंडेंट आरएमएस आई मंडल जालंधर-144001 |

*** इन वर्गों के संबंध में चयनित उम्मीदवारों को ओसी (जन.), एससी व ओबीसी में सांकेतिक पदों के संबंध में उनके संबंधित समुदाय में समायोजित किया जाएगा।**

**नोट: अधिसूचित पद बिना कोई पूर्व सूचना दिए परिवर्तित होने योग्य घटाए/बढ़ाए जा सकते हैं।**

**1. आयु सीमा: 18-27 वर्ष** (अनुसूचित जाति/अनुसूचित कबीलों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए ऊपरी सीमा में छूट पांच वर्ष तक एवं अन्य पिछड़ी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए छूट है एवं अन्यों के लिए समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुरूप।

**नोट: उम्मीदवारों द्वारा आयु सीमा निर्धारित करने हेतु अंतिम तिथि स्पीड पोस्ट या रजि. पोस्ट द्वारा आवेदन की बुकिंग की अंतिम तिथि अर्थात 27.12.2013 होगी।**

02. टीए/डीए अनुमेय न होगा।

03. **प्रोबेशन:** चयनित उम्मीदवार नियुक्त होंगे एवं दो वर्ष की प्रोबेशन पर होंगे।

04. **शैक्षिक योग्यता:**

**i) पोस्टमैन हेतु:** किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या यूनिवर्सिटी से दसवीं।

**ii) मेल गार्ड हेतु:** किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या यूनिवर्सिटी से दसवीं या समकक्ष।

05. केवल ऐसे व्यक्ति शारीरिक विकलांग कोटा में आवेदन करने योग्य होंगे, जो संबंधित योग्यता के न्यूनतम 40% पीड़ित हैं। उपरोक्त पदों हेतु निम्नलिखित अयोग्यताएं योग्य हैं।

(ए) ओएच (हड्डियों के विकार-ओए-एक बाजू प्रभावित, ओएल-एक टांग से प्रभावित)

(बी) वीएच (नेत्रहीन-केवल कम दृष्टि वाले)

06. **परीक्षा फीस:** आवेदकों को 100/- रु. की निर्धारित परीक्षा फीस अदा करनी होगी एवं यह पंजाब या पूरी चंडीगढ़ में डाकघर में जमा करानी चाहिए एवं एसीजी-67/यूसीआर रसीद प्राप्त करेंगे।

सभी महिला उम्मीदवारों एवं अनुसूचित जाति/शारीरिक विकलांग कैटेगरी से संबंधित आवेदक को परीक्षा फीस के भुगतान से छूट है। हालांकि ओबीसी आवेदकों को परीक्षा फीस के भुगतान से राहत उपलब्ध नहीं है एवं उन्हें पूरी परीक्षा फीस अदा करनी अपेक्षित है। निर्धारित फीस रसीद के बिना प्राप्त आवेदन सर्वथा रद्द कर दिए जाएंगे।

नोट I: एक बार अदा की फीस किसी भी परिस्थितिवश प्रतिदेय न होगी।

नोट II: डाकघर में जेसीआर/एसीजी-67 के अतिरिक्त किसी अन्य विधि द्वारा अदा फीस स्वीकृत न होगी एवं ऐसे आवेदन सर्वथा रद्द कर दिए जाएंगे।

07. **अयोग्यता:** व्यक्ति

(ए) जिसका उस व्यक्ति से संबंध है या विवाह किया है जिसका जीवनसाथी है अथवा

(बी) जिसने अपने जीवन साथी के जीवित रहते किसी अन्य व्यक्ति से संबंध रखा है या विवाह करवाया है, वह उपरोक्त पदों में नियुक्ति योग्य न होगा।

बशर्ते केंद्रीय सरकार यदि संतुष्ट हो कि विवाह के लिए ऐसी व्यक्ति एवं अन्य पार्टी के लिए लागू पर्सनल लॉ के अधीन यह विवाह आज्ञायोग्य है एवं ऐसा करने के लिए अन्य कारण है। इस नियम के संचालन से किसी भी व्यक्ति को छूट है।

**08. बुकिंग की अंतिम तिथि (केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट) 27.12.2013 है।**

उपरोक्त दर्शाई अंतिम तिथि के पश्चात बुक किए आवेदन किसी भी परिस्थिति में विचारार्थ न होंगे। कृपया नोट किया जाए कि स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट अधीन 27.12.2013 को या इससे पूर्व बुक किए आवेदन उस संबंध में विचारार्थ होंगे कि वह कब प्राप्त होते हैं। उम्मीदवार को भविष्य में किसी भी संदर्भ के लिए अपने पास स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट बुकिंग रसीद रखनी होगी।

निजी तौर पर या किसी भी अन्य विधि में प्राप्त हुए आवेदन विचारार्थ न होंगे एवं तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। इसी प्रकार केवल एक स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड कवर में एक ही आवेदन विचारार्थ होगा। यदि उपरोक्त दर्शाए कवर में एक से अधिक आवेदन शामिल होगा तो सभी आवेदन तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

**09. ओपन मार्कीट से सीधी भर्ती द्वारा पोस्टमैन/मेलगार्ड के पद भरने हेतु पैटर्न व सिलेबस।**

I. उम्मीदवारों का 10वीं कक्षा/मैट्रिकुलेशन स्तर तक की रुचि परीक्षा ली जाएगी जिसमें निम्नलिखित विषय/टापिक्स शामिल होंगे।

**कुल अंक: 100**

**एक पेपर निम्नलिखित चार भागों से परिपूर्ण होगा।**

भाग 'ए' 25 अंक-25 प्रश्न साधारण जानकारी, रीजनिंग एवं एनालिटीकल एबिलिटी-बहुऐच्छिक प्रश्नों पर होंगे।

भाग 'बी' 25 अंक-25 प्रश्न बहुऐच्छिक प्रश्नों पर होंगे।

भाग 'सी' दो सैगमैंट्स

(i) 25 अंक-25 प्रश्न-अंग्रेजी भाषा-वस्तुनिष्ठ प्रकार/बहुऐच्छिक प्रश्न।

(ii) 25 अंक-25 प्रश्न-पंजाबी भाषा-वस्तुनिष्ठ प्रकार/बहुऐच्छिक प्रश्न।

**II. परीक्षा की अवधि: 90 मिनट।**

**III. योग्यता अंक:**

ए. भाग ए व बी प्रत्येक भाग में ओसी के लिए न्यूनतम 10 अंक, एससी हेतु 8 अंक एवं ओबीसी उम्मीदवार हेतु 9 अंक।

बी. भाग सी (दो सैगमैंट) प्रत्येक सैगमैंट में ओसी हेतु न्यूनतम 10 अंक, एससी/एसटी हेतु 8 अंक एवं ओबीसी उम्मीदवारों हेतु 9 अंक।

सी. कुल में ओसी के लिए 40 अंक, एससी/एसटी हेतु 33 अंक एवं ओबीसी उम्मीदवारों हेतु 37 अंक।

10. **चयन प्रक्रिया:**

उम्मीदवारों की उपरोक्त प्वाइंट नं. 8 के निर्धारित अनुरूप रुचि परीक्षा ली जाएगी। रुचि परीक्षा सारे मंडलों/पदों के लिए एक ही तिथि को आयोजित की जाएगी। फिर भी विज्ञापित पदों की संख्या अनुसार प्रत्येक मंडल/यूनिट श्रेणी वार हेतु मैरिट अलग-अलग तैयार की जाएगी। चयन हेतु एकमात्र पात्रता निम्नलिखित परिस्थितिवश के अतिरिक्त रुचि परीक्षा में प्राप्त अंक होंगे।

(ए) यदि दो या अधिक उम्मीदवार रुचि परीक्षा में समान अंक प्राप्त करते हैं तथा वे मैरिट सूची में अंतिम पोजीशन में रहते हैं तो यह स्पष्ट है कि अधिक आयु के उम्मीदवार को चयन के लिए विचारार्थ किया जाएगा।

(बी) यदि रुचि परीक्षा में दो या अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं एवं वह मैरिट सूची में अंतिम पद पर है तो यह स्पष्ट दर्शाया जाता है कि वही उम्मीदवार चयन के लिए विचारार्थ होंगे जिन्होंने दसवीं में उच्च प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

11. आवेदकों को सभी दस्तावेजों की सत्यापित/स्व-सत्यापित प्रतियां, परीक्षा फीस के लिए यूसीआर रसीद, दो सत्यापित फोटो/एक आवेदन पर लगा कर एवं एक अन्य फोटो आवेदन के साथ संलग्न की जाए एवं एक स्वपता लिफाफा आकार 9''×4'' जिस पर 40/- रु. की डाक टिकटें लगी हों एवं विज्ञापन के साथ दिए गए निर्धारित प्रपत्र में हाथ से स्पष्ट लिखा/टाइप किया आवेदन ही हो, संलग्न करनी होंगी। उपरोक्त दस्तावेजों से परिपूर्ण लिफाफा शीर्ष पर दर्शाए संबंधित डिवीजनल हैड/यूनिट के पते पर भेजा जाए जिस पर स्पष्ट अक्षरों में पोस्टमैन पद हेतु आवेदन या मेलगार्ड लिखा जाए एवं इसे उपरोक्त विज्ञापन में दिए अनुसार संबंधित पतों पर स्पष्ट पता लिख कर भेजा जाए।

**सभी आवेदन प्रावधानात्मक तौर पर विचारार्थ होंगे एवं दाखिला कार्ड उम्मीदवारों की योग्यता शर्तें पूरी करने के तहत ही जारी किए जाएंगे।**

रुचि परीक्षा सामान्य तिथि को कराई जाएगी जिसके संबंध में अलग से अधिसूचित किया जाएगा। बशर्ते पंजाब में सभी डाक मंडलों में प्राथमिक तौर पर सर्कल हैड क्वार्टर (चंडीगढ़) अकम्मोडेशन की उपलब्धता हो।

**आवेदन जमा कराने संबंधी निर्देश:**

1. क्योंकि रुचि परीक्षा का आयोजन एक ही तिथि को कराया जाएगा इसलिए उम्मीदवारों के अपने हित में है वह एक ही डिवीजन/यूनिट के लिए आवेदन करें तभी केवल एक मंडल/यूनिट से रुचि परीक्षा में हाजिर होने के योग्य होंगे।
2. आवेदक योग्यता शर्तें पढ़ें एवं सावधानीपूर्वक निर्देशों का पालन करें।
3. एक लिफाफे में केवल एक ही उम्मीदवार का आवेदन होना चाहिए अन्यथा सभी आवेदन सर्वथा रद्द कर दिए जाएंगे।
4. असल दस्तावेज संलग्न न किए जाएं।

**12. आर्मी पोस्टल सर्विस में नौकरी करने के लिए शर्तें**

उपरोक्त शैड्यूल में निर्धारित पदों के लिए नियुक्त किया कोई भी व्यक्ति अपेक्षानुसार भारत या विदेश में आर्मी पोस्टल सर्विस में नौकरी करने के लिए योग्य होगा।

13. **छूट हेतु पात्र:**

चूंकि केंद्र सरकार की यह राय है कि ऐसा करना जरूरी अथवा उचित है यह किसी श्रेणी या वर्ग के व्यक्तियों के संबंध में इन नियमों की व्यवस्थाओं की कोई छूट, लिखित रूप में रिकार्ड किए जाने के कारणों के लिए एवं आदेश हो सकता है।

14. **बचत**

नियमों में कुछ भी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित कबीलों, अन्य पिछड़ी श्रेणियों एवं व्यक्तियों के अन्य विशेष वर्ग को इस संबंध में समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार प्राप्त होने वाले आरक्षण एवं अन्य राहतों से प्रभावित नहीं होगा।

15. निर्देश एवं आवेदन प्रपत्र हमारी वैबसाइट www.indiapost.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया की अगली कार्रवाई हेतु इस विभाग की वैबसाइट से जुड़े रहें।

हस्ता/-

**(पी.डी. सिंह ठाकुर)**

**असिस्टेंट पोस्टमास्टर जनरल (स्टाफ)**

**पंजाब सर्कल, चंडीगढ़-160017**

**पंजाब सर्कल में पोस्टमैन/मेलगार्ड के पद हेतु आवेदन प्रपत्र**

**3.5×4.5 सैं.मी. सत्यापित पासपोर्ट आकार की फोटो (गजटिड अफसर द्वारा)**

01. आवेदक का नाम____________________

02. पिता/पति का नाम____________________

03. जन्मतिथि (दसवीं कक्षा के अनुरूप)____________________

04. पुरुष/महिला________ वर्ग: ओसी/एससी/एसटी/ओबीसी______ धर्म__________

05. स्थायी पता____________________

____________________

06. पत्राचार का पता____________________

____________________

07. शैक्षिक योग्यता:____________________

____________________

08. मंडल/यूनिट जिसके लिए आवेदन किया

____________________

09. यदि विकलांग है हां/नहीं

10. कम्प्यूटर जानकारी, यदि कोई हो____________________

11. यदि दसवीं कक्षा तक पंजाबी पढ़ी है हां/नहीं

12. परीक्षा फीस के विवरण: अनक्लासीफाइड रसीद (यूसीआर) नं.__________

दिनांक__________ राशि__________

डाकघर का नाम__________

13. संलग्न दस्तावेजों का विवरण: शैक्षिक योग्यता सर्टीफिकेट की सत्यापित/स्व-सत्यापित प्रतियां, जन्मतिथि प्रमाणपत्र) जाति प्रमाणपत्र, शारीरिक विकलांग प्रमाणपत्र, कम्प्यूटर जानकारी प्रमाणपत्र (संलग्न दस्तावेज पर टिक करें)

14. मैं, श्री/श्रीमती/कुमारी____________इसके द्वारा घोषित करता/करती हूं कि शारीरिक विकलांग होने के तौर पर मैं समझता हूं कि मेरा चयन रद्द करने योग्य होगा, यदि समर्थ अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच पर यह पाया जाता है कि मैं शारीरिक विकलांगता की कैटेगरी में नहीं आता हूं।

15. मैं श्री/श्रीमती/कुमारी____________इसके द्वारा घोषित करता/करती हूं कि उपरोक्त दी गई सारी जानकारी मेरी सर्वश्रेष्ठ जानकारी व विश्वास से सत्य है। मैं समझता/समझती हूं कि यदि कोई जानकारी बाद के चरण में गलत पाई जाती है तो मैं सजा का हकदार होऊंगा/होऊंगी एवं मेरी नियुक्ति समाप्त कर दी जाएगी।

**स्थान:** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**तिथि:** **पूरे पते सहित**

RECTT/2-16/DR/2013/13.11.2013